

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्यश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युझियम
नारणपुरा, अहमदाबाद-३८००१३.
फोन : २७४८९५९७ • फेक्स : २७४१९५९७
९८७९५ ४९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि : २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य
प्रति वर्ष ५०-००
वंशपारंपरिक
देश में ५०१-००
विदेश १०,०००-००
प्रति कोपी ५-००

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ५ अंक : ५८ फरवरी-२०१२

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०२
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०३
०३.	दान का नियम	०४
०४.	प्रसादी की रारवी	०६
०५.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	०७
०६.	सत्संग बालवाटिका	०९
०७.	भक्ति सुधा	१२
०८.	सत्संग समाचार	१९

॥ अस्मदीयम् ॥

भगवान सूर्यनारायण का मकर राशी में गमन होने के बाद भी ठंढी का प्रभाव कम नहीं हुआ। इस वर्ष ठंढी का प्रारम्भ थोड़ा विलम्ब से हुआ था। ठंढी के कारण ही इस वर्ष की फसल बहुत अच्छी है। समग्र राज्य में धन-धान्य से प्रजा सुखी होगी। किसानों के आनन्द की सीमा नहीं है। किसानों के सुखी होने पर पूरा भारत सुखी होगा। कारण यह कि अपना देश कृषी प्रधान देश है।

गत मास में अपने सभी मंदिरों में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के सानिध्य में शाकोत्सव मनाया गया। शाकोत्सव के अवसर पर सत्संगियों के साथ अन्य लोग भी इस उत्सव का लाभ लिये थे। शाकोत्सव में भाग लेने के साथ सत्संग का लाभ एवं प्रभु दर्शन का आनन्द अपने तथा पराये सभी ने लिया। सत्संग का जिन्हे रंग रंगा वे तो सत्संगी हुये जो नहीं हुये वे विलम्ब से होंगे तो सही। ऐसे उत्सवों का यदि अन्तिम समय में याद आ जाय तो जीव चाहे कैसा भी हो उसका कल्याण निश्चित है। यही समझकरके महाराजने उत्सव प्रारम्भ किया था।

मूली मंदिर में अपने भावि आचार्य प.पू. लालजी महाराजश्री के वरद् हाथों से परंपरागत वसंतोत्सव, रंगोत्सव बड़े उल्लास के साथ मनाया गया था। झालार-हालार, पांचाल तथा भाल देश के हरिभक्तों ने इस उत्सव का लाभ लेकर प.पू. लालजी महाराजश्री के हाथों किंशुक के पुष्पराग से बने रंग में रंगाकर जीवन को कृतार्थ किया था। अब परमकृपालु प्रभु श्री नरनारायणदेव का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। देश-विदेश के सभी हरिभक्त इस प्रसंग पर पदार्पण करके दर्शन का लाभ लें ऐसी प्रार्थना है। ओस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में अपने श्री स्वामिनारायण के नूतन मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के वरद् हाथों मूर्तिप्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। इस तरह ओस्ट्रेलिया में मंदिरों की संख्या बढती जा रही है, यह आनन्द का विषय है।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

श्री स्वामिनारायण मासिक में प्रसिद्ध करने के लिये लेख, समाचार एवं फोटोग्राफ्स ई-मेईल से भेजने के लिए नया एड्रेस

shreeswaminarayan9@gmail.com

नीचेके महामंदिरोमें नित्य दर्शन के लिये

जेतलपुर : **www.jetalpurdarshan.com**
छपैया : : **www.chhapaiya.com**
महेसाणा : **www.mahesanadarshan.org**
टोरडा : **www.gopallalji.com**
नारायणघाट : **www.narayanghat.com**

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जनवरी-२०१२)



१. श्री स्वामिनारायण मंदिर नारायणघाट शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
श्री स्वामिनारायण मंदिर मोटेरा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
२. श्री स्वामिनारायण मंदिर माणसा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
२ से ३ तक रामपर (कच्छ) पदार्पण।
४. श्री स्वामिनारायण मंदिर करजीसण शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
५. जूना घाटीला गाँव में (मूलीदेश) पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
६. श्री स्वामिनारायण मंदिर जुंडाल पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
७. अंबोड (जि. गान्धीनगर) गाँव में शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
८. श्री नरनारायण युवक मंडल माणसा द्वारा आयोजित युवा संमेलन में पदार्पण।
वावोल श्री स्वामिनारायण मंदिर शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
९. श्री प्रभा हनुमानजी मंदिर जमीयतपुरा कथा प्रसंग पर पदार्पण।
१०. श्री स्वामिनारायण मंदिर लूणावाडा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
११. श्री स्वामिनारायण मंदिर समौ कथा तथा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
१२. श्री स्वामिनारायण मंदिर लसुन्द्रा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
१४-१५ श्री स्वामिनारायण मंदिर सुखपर (कच्छ) नरनारायण नगर पदार्पण।
१७. चराडवा श्री नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा आयोजित शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
१८. श्री स्वामिनारायण मंदिर बोरणा (मूलीदेश ता. चूडा) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर पदार्पण।
१९. श्री भरतभाई कानजीभाई मूलाणी के यहाँ पदार्पण, जीवराजपार्क
२०-२१ बलदिया (कच्छ) श्री स्वामिनारायण मंदिर पारायण प्रसंग पर पदार्पण।
२२ जनवरी से ४ फरवरी तक मेलबोर्न (ओस्ट्रेलिया) श्री स्वामिनारायण मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा तथा सत्संग विचरण हेतु पदार्पण।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जनवरी-२०१२)



१ श्री स्वामिनारायण मंदिर झूलासण शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
२८. श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली वसंत पंमची को पाटोत्सव तथा रंगोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।
२९. श्री स्वामिनारायण मंदिर (बहेनोका) उवारसद मूर्ति प्रतिष्ठा अपने वरद् हाथों से किया।

दान का नियम

(दान की महिमा)

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)

शिक्षापत्री श्लोक १४७ में भगवानश्री सहजानंद स्वामी ने लिखा है कि गृहस्थाश्रमी सत्संगी अपनी वृत्तियां उद्यम का जो धन धान्यादिक प्राप्त हो उसमें से दशवां भाग भगवान कृष्ण को अर्पण करे, यदि व्यवहार में दुर्बल हो तो वीशवां भाग अर्पण करे।

श्रीमद् भागवत में भी कहा गया है कि सभी प्राणियों के एक मात्र आश्रय पूर्ण ब्रह्म भगवान श्री कृष्ण को ही दान करने से अनन्त गुना फल मिलता है। दान धर्म में वृद्ध पराशर ने भी कहा है कि किसान को भी अपने खेती में से वीशवां भाग दान करने से खेती में होने वाले दोष नहीं लगते। शास्त्रो में दान के बहुत सारे भेद बताये गये हैं। उस में भी स्थल, समय, लेने वाला, दाता, इत्यादि का विशेष प्रभाव बताया गया है। उन सभी नियमों का अनुसरण करना कठिन है। इसलिये अपने इष्टदेव ने दशवां या वीशवां भाग दान देने के लिये कहा है। भगवान श्री कृष्ण को ही दान करने में श्रेयष्कर है अन्य को नहीं।

अपनी वृत्ति में से या व्यापार में से अथवा खेती में से जो धन प्राप्त हुआ है। उस में से १०% या ५% प्रतिशत भाग अपने इष्टदेव को अर्पण अवश्य करना चाहिये। व्यवसाय में से खर्च करने के बाद जो बचे उस में से पांच या दश प्रतिशत दान भेंट करने का नियम बताया गया है। एकाउन्ट का हिसाबी रजिस्टर चाहे जैसा हो लेकिन इष्टदेव को दान भेंट का हिसाब तो साफ सुथरा होना चाहिये।

दान तथा भेंट में अन्तर है। दान स्वेच्छा से देने की एक पद्धति है। भेंट तो व्यवसाय में से या वृत्ति में से दश प्रतिशत भाग देने का नियम है। दान भेंट भक्तिमार्ग में भक्ति के रुप में दिया जाता है। जो भक्त जिसकी शरणागति स्वीकार करता है उसी के आश्रय रुप में दान करता है। जिस तरह राज्याश्रम के रुप में कर (टेक्ष) देना अनिवार्य होता है उसी तरह धर्माश्रम के भाग रुप में अपने इष्टदेव को विना शर्त के दान करने की परम्परा है। राज्य-कर लेकर देश को भौतिक सुख प्रदान करता है तो इष्टदेव आध्यात्मिक सुख-रक्षण करते है।

सहजानंद स्वामी ने गुरु रामानंद स्वामी से दो वरदान मांगे थे। जिसके परिणाम स्वरुप आश्रितों के प्रारब्धबदल जाते हैं। उस में भी कमी रहती है वह भी पूर्णहो जाती है। सम्प्रदाय में आश्रित होकर इस तरह का आदान प्रदान अत्यन्त आवश्यक होजाता है। जिस तरह वीमा का हप्ता न भराजाय तो उसके सुरक्षा की जवाब दारी कम्पनी की नहीं रहती।

दान- पान तथा पुण्य के विनय का व्यापार है। दान भक्ति-प्रशन्नता (शरणागति) का एक महत्व का भाग है। ब्राह्मण तथा शुद्र दान लेने के हकदार तथा वैश्य-क्षत्रिय को दान देने का अधिकार है। लेकिन दान तो चारो वर्ण को करना चाहिये। दान देने के लिये वहाँ तक जाना चाहिये।

इसके अलांवा दान की धनराशी किसी अन्य कार्य में नही लेना चाहिये या अपने इष्टदेव की धनराशी किसी अन्य स्थान में दान नहीं देना चाहिये । भोजन के निमित्त यदि दान देना हो या अन्य कोई सत्कर्म करना हो तो अपने दान वाले भाग में से नहीं करना चाहिये । भगवान का हिस्सा भगवान के लिये होना चाहिये । भगवान को दिया जाने वाला दान जब तक नही दिया जाय तब तक ऋण में से मुक्ति संभव नहीं । यह एक विशिष्ट अत्तरदायित्व का कार्य है ।ईश्वर को दियाजाने वाला दान किसी अन्य दान में विभाजित नहीं किया जा सकता । इसकी अन्य कोई व्यापारकाभी नही हो सकती । शिक्षापत्री में दान का महत्व बताकर कहीं भी जिस हेतु से दान देना तो वह वात की है लेकिन अपने कमाई में से जो वीशवां-दशवां भाग की बात है वह तो अपने इष्टदेव को ही अर्पण करनी चाहिये ।

हम चाहे जिस किसी भी धर्म में प्रवृत्त हों हमारी विचारधारा सम्भवत: अपने धर्मफल की प्राप्ति को ध्यान में रखकर पुण्य करने वाली हो तथा प्रभु की आज्ञा का जहाँ लोप होता हो ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिये । लेकिन आप अपनी कमाई में से कुछ अधिक पुण्यकार्य करना चाहते है तो उसे अवश्य करें । भगवान तीनों काल को जानते हैं फिर भी प्रभु के दान के विषय में कोई विकल्प की वात ही नहीं की है । इसका कारण यह है कि भक्त अपने व्यवसाय या नौकरी में से जो दशवां या वीशवां भाग दान करेगा तो उसका धन तथा कर्म सभी निर्गुण अर्थात् दोष रहित हो जायेगा ।

देव को दान करने के विषय में अपने संप्रदाय में देश विभाग के लेख में एकदम स्पष्ट कर दिया है । जिस देश में जो हरिभक्त रहते हैं वही पर अपना दान करें । श्री नरनारायणदवे के देश में रहने वाले भक्त श्री नरनारायणदेव को अर्पण करे तथा श्री लक्ष्मीनारायण देव देश में रहनेवाले भक्त अपने इष्टदेव को अर्पण करें । आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से संत जब दान लेने आवे तो उन्हें दान करें या जिस देश में रहते है उस देश के भंडार में अर्पण करने स्वयं जांये । देश विभाग का लेख अवश्य पढना चाहिये। आपकी शंका का निवारण अपने आप हो जायेगा ।

अपने संप्रदाय में तो प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक पशु के नाम से भी दान करने की प्रणाली है । प्रारंभ के समय में प्रत्येक व्यक्ति के नाम से ५० पैसे दान करते थे । अब ५ रुपये दान करते हैं । गृहस्थाश्रमी भक्त धर्मवंशी आचार्य को गुरु बनाकर उन्हीं से मंत्रदीक्षा लेते है । इसलिये गुरुजी दान लेने के हेतु से मंदिर में प्रति वर्ष भेंट जमा करवाते हैं । शिक्षापत्री श्लोक ७१ में कहा है कि हमारे आश्रित अपने आचार्य की अन्नवस्त्रादि द्वारा पूजन करें । आचार्यजी भी अपने जीवन को सत्संग के लिये अर्पण किये हुये हैं । देव मंदिर द्वारा प्राप्त धन का उपयोग करने से दोष लगता है । इसलिये उस अन्नादिक का उपयोग गृहस्थ नकरें । उसी अन्न वस्त्रादि को आचार्यश्री तथा धर्मकुल प्राप्त करते हैं । यह एक अद्वितीय परंपरा है । इसके अलांवा आचार्यश्री जब सत्संग प्रचार में विचरण करते हैं उस समय उन्हें जोभी भेंट प्राप्त होता है उसे मंदिर में जमा करके भक्त को रसीद दी जाती है । यह परंपरा प्राचीन है आज वर्तमान में भी चल रही है । लाखो रुपये मंदिर में जमा होते है । महाराजश्री के नाम की धनराशी आचार्यश्री के लिये उपयोग में आती है । गुजराती शब्द है धर्मादो धर्म + आदौ अर्थात् पहले धर्म, प्रथम कर्तव्य यह है कि धर्म के माध्यम से अपनी कमाई का दशवां या वीशवां भाग प्रभु को अर्पण करना । धर्मादा न देने से प्रभु की शरणागति अपने आप कैन्शिल हो जाती है । जो कमजोर है वे वीशवां भाग दान करें, यह सम्भव है कि वे कमजोर इसलिये है कि वीशवां भाग दान करते हैं। दान न करने से आर्थिक दुर्बलता आनीपूर्ण सम्भावना है । कितने हरिभक्त ऐसे है कि पगार मिलने पर उसमें से धर्मादा करने के बाद ही अन्य रकम घर ले जाते हैं । कितने किसान अपने खेत में से अन्न मंदिर में भेंज देते हैं। भगवान के भाग को वे अपने घर भी नहीं ले जाते ।

प्रसादी की राखी

– प्रफुल्ल खरसाणी

यह बात अहमदाबाद मंदिर के निर्माण के समय की है। अहमदाबाद मंदिर का निर्माण कार्य श्रीहरिने आनन्द स्वामी को सौंपा था। मंदिर निर्माण के लिये धांगध्रा से पथ्थर लाये जा रहे थे। उस समय आज की तरह वाहन व्यवहार की व्यवस्था नहींथी । सत्संगी हरिभक्त बैलगाड़ी इत्यादि के साधनो से सेवा में लग जाते थे। स्वयं के खर्च से यह सेवा करते थे । उस समय एक हरिभक्त जो अपनी बैलगाड़ी में पत्थर ला रहे थे। संयोग वश एक बैल मर गया, अब उस बैल की जगह पर स्वयं लग गये और पत्थर को यहाँ तक लेआये । उनकी इस अनन्य निष्ठा से प्रभावित होकर उस पत्थर को श्रीहरि अपने बाहों में भरकर प्रतिष्ठित किये, जो आज भी श्री राधाकृष्ण मंदिर के सामने मौजूद है और हरिभक्तों के मनोरथ को पूर्ण कर रहा है। उस प्रसादी के बैलगाडी को श्रीहरिने स्पर्श किया था इसलिये उसे श्री स्वामिनारायण म्युजियम में दर्शनार्थ रखा गया है।

उसी समय का एक दूसरा प्रकरण भी है । अंकेवाडिया गाँव के सेवा भावी हरिभक्त जीवा विरमगामा की बात है। अहमदाबाद मंदिर के शिखर पर १६० मन वजन का पत्थर धांगध्रा से लाना था । यह काम बड़ी मुश्किल का था । इतने वजन का १ पथ्थर लाने के लिये कोई तैयार नहीं हुआ। रास्ते में गाड़ी टूट जाय या बैलमर जाय ऐसी शंका से कोई तैयार नहीं हुआ । परंतु अंकेवाडिया के जीवाभाई विरमगामा नामवाले हरिभक्त के मन में विचार आया कि जो महाराज चाहेंगे वही होगा। जगत के नियंत स्वयं श्रीहरि हैं। श्रीहरि में उनकी अटूट श्रद्धा थी उन्हें यह पता था कि प्रभु कोई अड़चन नहीं आने देंगे । ऐसा विचार कर श्रीहरि का स्मरण करते हुये १६० मन के वजन वाले पथ्थर को अपने बैलगाडी में रखकर ६ बैलों को जोड़कर अहमदाबाद के लिये प्रस्थान किये । उस हरिभक्त ने देखा कि इतने बजन का पत्थर है तो भी पहिया जमीन में विना दबे चल रही है और बैल भी बड़ी मस्ती में चल रहे हैं जैसे इन्हें कोई परेशानी ही न हो । उस समय जीवाभाई को यह निश्चय हो गया कि श्रीहरि के विना यह कौन करेगा। परोक्ष रुप से प्रभु सहायता कर रहे थे। यह चिन्तन करते करते वे प्रभु के ध्यान में लीन हो गये। इतने में धुरी के टूटने की आवाज आई फिरभी गाड़ी चलती रही बड़ा अलौकिक यह चमत्कार था । सुरक्षित वे अहमदाबाद कैसे पहुंच गये। यह सब प्रभु की लीला के विना सम्भव ही नही था। मंदिर में आये तो उस समय सभा मंडप में सभा चल रही थी। महाराज उन्हे आया देखकर सभा में बुलाया और उनके निष्ठा की प्रशंसा की । जीवाभाई कहने लगे महाराज ! यह अशक्य काम को आपने ही शक्य किया है। हम तथा हमारी गाड़ी या बैल तो निमित मात्र है । आपकी प्रसन्नता से यह सरल हुआ । महाराज उनके ऊपर प्रसन्न होकर उनकी निष्ठा की प्रसंशा किये और कहे कि आइये मैं अपने हाथ के रक्षा सूत्र को आपके हाथ में बांधदेता हूँ। जिस राखी को महाराजने जीवाभाई को बांधीथी वही राखी आज तक उनके वंशज सुरक्षित रखे रहे। उन्हीं के वंशज मावजीभाई छगनभाई विरमगामा ने प.पू. बड़े महाराज को वही राखी लाकर म्युजियम में सुरक्षित रखने के लिये भेंट कर दी। अब वह प्रसादी की राखी सदा के लिये सभी की दर्शनीय रहेगी। आप जब भी म्युजियम में दर्शन के लिये पधारे तब सभी प्रसादी की वस्तुयें के साथ उस राखी का अवश्य दर्शन करें । उस राखी के दर्शन से निश्चि ही आपको भी जीवाभाई की तरह अदम्य उत्साह के साथ सेवा करने का भाव आयेगा। उससे सभी को वैसी प्रेरणा मिलती रहेगी।

श्री स्वामिनारायण म्युझियम

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

अपने म्युजियम को आगामी फाल्गुन शुक्ल-३ ता. २४-२-२०१२ १ वर्ष पूरा हो रहा है। उस दिन सायंकाल को प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के साथ समूह महापूजा होगी इसके साथ ब्राह्मण भोजन भी होगा। एक वर्ष कितने जल्दी बीत गया खबर भी नहीं पड़ी। परंतु म्युजियम वर्षो पुराना है ऐसी अनुभूति लोगों को हो रही है। उद्घाटन समारोह में माननीय मुख्य मंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी ने इसीलिये ऐसा कहा था कि जैसे कोई नया भवन तैयार हुआ है ऐसी यहाँ दिव्य अनुभूति हुई है ऐसी अनुभूति अन्यत्र कहाँ हो सकती है। प.पू. बड़े महाराजश्री भी कहते है कि जिस तरह अहमदाबाद में श्री नरनारायणदेव या जेतलपुर में श्री रेवती बलदेवजी हरिकृष्ण महाराज के दर्शन से तृप्ति नहीं होती उसी तरह से इस म्युजियम के दर्शन से तृप्ति नहीं होती। यहाँ पर देवस्थानों की तरह सभी के मनोरथ पूर्ण होते हैं। अभी वर्तमान में बलोल गाँव के श्री नरसंगभाई चावडा तथा भीमाभाई चावडा नाम के दो हरिभक्तों के मनोरथपूर्ण होते ही बलोल गाँव (भाल देश) से यहाँ तक करीब १०० कि.मी. पदयात्रा करके आये थे। इस तरह अनेको म्युजियम दर्शनार्थियों के मनोरथ पूर्ण होते देखे गये है।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में दान देने वालों की नामावली (जनवरी-२०१२)

- रु. २,००,०००/- अ.नि. कान्तिलाल नालाल शाह, अ.नि. कमलाबहन कांतिलाल शाह, अ.नि. नवीनचंद्र वाडीलाल शाह, अ.नि. ब्र. स्वा. कृष्णस्वरुपानंदजी (जन्म शताब्दी के निमित्त)
- रु. १,००,०००/- लालजी मनजी गाजपरीया - पीपावा
- रु. ५१,०००/- चि. लेकमीना विवाह के निमित्त भेट - वडु वती डॉ. ज्योत्स्नाबहन, विनोदभाई तथा किशनभाई
- रु. ४०,०००/- साजन जतीन पटेल, अन्ना जतीन पटेल, किशन रीतेष पटेल विमल प्लान्ट-मणीनगर
- रु. ३१,०००/- होटल घुंघट - गांधीनगर
- रु. २५,०००/- देवजी बिरजी हीराणी मांडवी
- रु. २१,०००/- धीरजीभाई के. पटेल - अहमदाबाद
- रु. ११,०००/- शशीकान्तभाई रवजीभाई पटेल - अहमदाबाद
- रु. १०,०००/- पूनमभाई मगनभाई पटेल - अहमदाबाद
- रु. ५,५००/- अ.नि. मनसुखलाल जेठालाल वोरा - अहमदाबाद वती कंचनबहन मनसुखलाल वोरा।
- रु. ५,१११/- रमणभाई शामलभाई पटेल - बायड
- रु. ५,१००/- अ.नि. केशवलाल छगनदास पटेल, धुलीबहन केशवलाल पटेल - गुलाबपुरा वती सेंधाभाई रसीकभाई
- रु. ५,१००/- भरतभाई डी. चौधरी - अहमदाबाद
- रु. ५,००१/- नीलबहन हर्षदभाई परीख - मणीनगर
- रु. ५,०००/- डॉ. कांतिभाई पटेल - नवसारी
- रु. ५,०००/- राठोड विजयभाई घनश्यामभाई - चांदलोडिया
- रु. ५,०००/- उत्सव पंकजकुमार पटेल - गामडीवाला
- रु. ५,०००/- महेन्द्र मनहरभाई अमीन - अहमदाबाद
- रु. ५,०००/- धनजीभाई हरजीभाई भुडीया - मांडवी
- रु. ५,०००/- महेशभाई एस. पटेल - लालोडावाला-वापी।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायणदेव के अभिषेक की सूची (जनवरी-२०१२)

- ता. १ श्री नरनारायणदेव महिला मंडल, जलेश्वर महादेवनगर वती जसुमतीबहन तथा लाभुबहन एवं विजया बहन
- ता. ३ महिला मंडल श्री स्वामिनारायण मंदिर, मोरबी, दरबागढ वती सां.यो. राजकुंवरबा, उषाबा, वसंतीबा, श्री स्वामिनारायण मंदिर घनश्यानगर
- ता. ६ सौमिल हसमुखलाल शाह ह्युस्टन (अमेरिका)
- ता. १० श्री घनश्याम महिला मंडल श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणघाट। वती, पुष्पाबहन, भगवतीबहन तथा शारदाबहन।
- ता. ११ श्री नरनारायणदेव महिला मंडल श्री स्वामिनारायण मंदिर हिंमतनगर। वती नीलाबहन के. पटेल
- ता. १५ प्रवेशचन्द्र मीलाल सोनी (नि. मामलतदार) अहमदाबाद
- ता. २२ श्री नरनारायणदेव सत्संग समाज - नवावाडज।
- ता. २४ संजयभाई हरिभाई ठक्कर - आंबली।
- ता. २५ श्री नरनारायणदेव महिला मंडल - नवावाडज। वती श्री नरनारायणदेव युवक मंडल।

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा। महाभिषेक लिरवाने के लिए संपर्क कीजिए।

म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६

www.swaminarayanmuseum.org/com ● email:swaminarayanmuseum@gmail.com

अभिप्राय

लोक की दृष्टि में कुबेर का खजाना अमूल्य माना जाता है । इसके मालिक स्वंय कुबेर है । इस खजाना को कुबेर कभी किसी को दे सकते हैं क्या ? यदि कुबेर अपना खजाना किसी को दे दें तो वह आज की दुनियां में सबसे बड़ा धनवान हो जायेगा । लेकिन क्या उसके जीवन का भला हो सकता है ।

इससे बड़ी बात तो यह है कि अक्षरधाम के अधिपति सर्वोपरि भगवान श्री स्वामिनारायण ने अपना दिव्य खजाना इस धरती पर रखे हैं जिसके मालिक स्वयं प.पू. बड़े महाराजश्री हैं । इस दिव्य खजाना का दर्शन करने के लिये प.पू. बड़े महाराजश्री ने जगत के जीवों का कल्याण हो इसलिये खोल दिया है । इस प्रसादी भूत वस्तुओं के दर्शन से भगवान की दिव्य भावना समाई हुई है । इस दर्शन में यदि भगवान के लीला चरित्रो का स्मरण हो जाय तो कल्याण मार्ग उसका खुला हुआ है ऐसा समझना चाहिये । श्री नरनारायणदेव के लाईव बेनीफिट का अमूल्यलाभ सत्संगी मात्र के लिये प.पू. बड़े महाराजश्रीने सरल बना दिया है । इस अमूल्य लाभ को सभी भक्त दिन प्रतिदिन लेते रहें और अपने अन्तःकरण में उतारते रहें ऐसी अभ्यर्थना के साथ प.पू. बड़े महाराजश्री के चरणों में कोटि कोटी बन्दन । (रचित मोदी)

यहाँ बहुत आनन्द हुआ और वारम्बार आना पड़े ऐसा विचार आने लगा है । यहाँ आकर बहुत कुछ सीखना है । प.पू. बड़े महाराजश्री को खूब-खूब अभिनन्दन । हिन्दुधर्म की वंश परम्परा जो गद्दी है इससे ऐसे संग्रहालय बनें इसीसे अपनी संस्कृति बच सकती है । (मीरा साराभाई - शाहीबाग)

इस म्युजियम का दर्शन करके हमें लगता है कि भगवान हमारे साथ साक्षात् विद्यमान है । इस दर्शन के बाद हम अब कभी भी पीछे नहीं हटेंगे । यह संप्रदाय इसी तरह सदा बना रहे यही कहना है । यही हमारी अन्तिम प्राप्ति है । इसमें से किसी भी एक प्रसादी की अन्तिम में याद आजाय तो परम अक्षरधाम की प्राप्ति सरल हो जायेगी । यहाँ आने वालों के रोग मिटजाते हैं । (जयश्री स्वामिनारायण ए.वी. पटेल)

अक्षराधीश पूर्ण पुरुषोत्तमनारायण श्री सहजानंद स्वामी के दर्शन देवताओं से लेकर प्रकृति पुरुष तक सभी के लिये दुर्लभ है । हमें तो उस दिव्य दर्शन का यहाँ लाभ मिला है । इस दर्शन से मैं अपने जीवन को धन्य मानता हूँ । इसका श्रेय प.पू. बड़े महाराजश्री को है । (केतन - लंडन)

An Excellent Achievement and Great Vision. I Would Come Again, Bringing New Visitors Each Time. Never Enough Time to Visit and Appreciate the many Artifacts.

(Lalji Ratna Patel U.K.)

I am so very impressed. What more do I say. The hand work behind this can be felt in every step we face here, Thrilled to be here !

(Aditya S. Kanak Jalan, Patna)

This Museum beholds the greatest history we've ever seen. Thanks to Mota Maharajshri & all Those involved in Makeup this possible. Thanks God

(Uday and Hina Gosalia NY)

It was divine experience over here. we Feel Something that had been never feel any where on this earth.

(Vijay Hirani)

A very unique Display of Maharaj's Belongings and Experience of His true form

(Mahendra and Maya Amin - Sydny)

It's a Lifetime experience I feel energetic. My trip to India is now full filled.

(Gaurav Saparia - Australia)

It was Great to see this beautiful please and also know about it.

(Luis Ahvmada A - Chile)

I felt such a peace of mind Which was uniqe experience Whole place has divine vibrations. I felt that I have Personal encounter with Maharaj. I was impressed to see some divine remains of Maharj like hair, nails, Asthi etc. Panchala raas with nand santos is unique darshan. I was recognizing typical attire for Gopalanand swami, Brahmanand Swami, Gunatitanand Swami and other nand santos. I recommend some one who wants mental peace should spend whole day here in divine atmosphere.

(Varsani Ratna Devsi - Kenya)

सत्संगबालवाटिका
संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

सफलता के सोपान

– शा. हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

चलो मित्रो ! आज हम ऐसे शिक्षक की बात करते है जो दुनियां में सबसे बड़ा हो और अच्छी बात सिखावे। यदि आपको अपने विद्याभ्यास में सफलता प्राप्त करनी हो तो शिक्षापत्री श्लोक १२९ में भगवान स्वामिनारायण ने जो सत्शास्त्र के अभ्यास की बात की है और शतानंद स्वामी ने जो टीका लिखी है उसका चिन्तन करके जो जीवन में उतारें तो निश्चित सफलता मिलेगी। कारण यह कि वार्षिक परीक्षा का समय अब नजदीक आ रहा है। कितने लोग बोर्ड की परीक्षा में होंगे कुछ लोग स्नातक-स्नातकोतर की परीक्षा में होंगे इन सभी के लिये जीवनोपयोगी बात यहाँ प्रस्तुत है।

अभ्यास की वात जब आती है तब स्वामी कुछ लेख लिखते हैं । जिन्हे पढना है, विद्याभ्यास करना है, शास्त्राभ्यास करना हो, इन सभी के लिये उपयोगी कथा है। सबसे पहले तो वांचन करना फिर मनन करना और बाद में याद करना (गोखड़पट्टी करना) इसके बाद उसी का बारम्बार आवर्तन करना। इस तरह चार प्रकार से विद्याभ्यास की वात कही गयी है। लेकिन इन चार प्रकार की विद्या की प्राप्ति में गुरुशुश्रूषा परमावश्यक है। इस के विना विद्या की प्राप्ति सम्भव ही नही है। यह वात मनुस्मृति में स्पष्ट कही गयी है।

जिस तरह जमीन के खोदते रहने से एकदिन निश्चित जमीनके भीतर से पानी निकल आता है, ठीक इसीतरह गुरुजी की सेवा करते रहने से विद्या की प्राप्ति होती है।

जिन्हे विद्या प्राप्त करनी हो उन्हें कैसे रहना चाहिये। प्रथम प्रमाद का परित्याग, आलस्य का परित्याग करना आवश्यक है । जिसके जीवन में यह सब रहेगा उसे कभी भी सफलता नहीं मिल सकती। विदुरजी कहते हैं कि - आलस्य मद-मोद, चंचलता, वात करने की कुटेव, जडता, अभिमान इत्यादि जिसके जीवन में हो वह कभी भी विद्याभ्यास नहीं कर सकता । जिन विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति करना हो वे शरीर सुख का परित्याग करदें।

जिन्हे सम्बधरखना हो, कुरशी टेबल या गाड़ी इत्यादि सुख सुविधा की चाहना हो वे पढना छोड़दे। जिन्हे पढना हो वे सुख के साधन छोडदें। दोनो में से एक ही संभव है। जिन्हे बहुत सुख के साधन मिलते है उनके पिताजी परीक्षा के बाद दौडादौड़ी करते हैं। पेपर कहा गये है उसकी खोज में लग जाते हैं। यद्यपि रोड़ की लाईट में वांचने वाले फर्स्ट क्लास पास हो जाते हैं। इस तरह की विषमता समाज में देखने कोमिलती है, यही सत्य भी है। जिन्हें पढने की चाहना हो वे सुख साधन का परित्याग करदें, अन्यथा उनकी प्रगति बाधित होगी। पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रातःकाल उठकर वांचन करें। यह बुद्धि के लिये उत्तम समय है। कोई भी वस्तु याद करना हो तो चिन्तन करना हो तो प्रातः उठकर चिन्तन वांचन करना चाहिये। लेकिन दिन में सोना नहीं चाहिये। जो दिन में सोजाते हैं उनकी बुद्धि मोटी हो जाती है।

विद्यार्थियों को कुछ और भी वाते छोड़नी चाहिये - तास खेलना, जूआ खेलना, इन सभी में व्यर्थ का समय बीत जाता है। इसके अलांवा टी.वी., मोबाईल, वीडियो गेम इसके अलांवा कितने लोगों की कुटेव ऐसी भी होती है कि पुस्तक पर नये-नये पूठा चढाते हैं उसमें समय बिगड़ता है। इससे भी पढने का समय बिगड़ता है। पुस्तक की सुरक्षा में समय बिगाड़ना

हितावह नहीं । इससे सरस्वती प्रसन्न नहीं होंगी । जिसे बार-बार बगीचे में जाने की टेव हो, वह भी कभी नहीं पढ सकता । जिसके मित्र अधिक हों उसमें भी महिलायें हो वह भी कभी नहीं पढ सकता । जिन्हे पढना हो उसे मित्रों से सर्प की तरह डरना चाहिये । इसलिये कि मित्र विद्या में विघ्नरुप होते हैं । जब आप पढने बैठते हैं तब एक या फिर दूसरा आया और क्या कर रहे हो ? आकर बैठे और गप्पा मारे । अभी दो लाईन पढें होगे कि दूसरा आया । अधिक मित्र विघ्नरुप होते हैं ।

विद्यार्थी को संयमी, सात्विक तथा एकान्त प्रेमी होना चाहिये । ऐसे विद्यार्थी के हृदय में विद्या स्थिर हो जाती है ।

देखे न मित्रों ! कैसी मजा की अनमोल मोती जैसी उपयोगी वातें शिक्षापत्री हमें सिखाती है । इसलिये प्रतिदिन आदर के साथ शिक्षापत्री का वांचन करके हृदय में उतारना ।

●

निर्मानी भक्त

- साधु श्रीरंगदास (गांधीनगर)

मित्रों ! भगवान को भक्त कितना प्रिय लगता है यह स्वयं श्रीहरिने वचनामृत में कहा है कि जिन्हें भगवान का तथा संत का माहाम्य ज्ञान के साथ निश्चय हो तो सब कुछ सरल हो जाता है । भगवान के लिये कुटुम्ब का त्याग, लोक लज्जा का त्याग, राज्य का त्याग, सुख का त्याग, धन का त्याग कर देना चाहिये ।

इसी तरह के एक भक्त थे । उनका नाम था बेचर पंचोली वे स्वामिनारायण भगवान का दृढ भक्त थे । ब्राह्मण जाति में तथा ध्रांगध्रा के गाँव में पैदा हुये थे। हृदय में संत-हरिभक्तों का गुण रखते थे । सत्संग में रहकर अखंड भजन-भक्ति करते रहते थे ।

एकवार श्रीहरि उनके घर पधारे और उनकी परीक्षा लेने के लिये कहे कि बेचरभाई ? हमें ज्योतिष की पुस्तक चाहिये । लेकिन वह पुस्तक यहाँ नही है । तो उसे लेआईये मैं उसे वांचकर वापस कर दूंगा ।

बेचरभाई के समधी के साथ कुछ बोल-बाल हो गयी थी इससे कामकाज में अड़चन आती रहती थी समाधान की वात नहीं हो पा रही थी । जात के जीव भगवान के भक्त निरमानी होते हैं उनको किसी की कदर नहीं होती । बेचरभाई ने विचार किया कि इष्टदेव को पुस्तक चाहिये तो पुस्तक हम अवश्य देंगे । बेचरभाई अपने समधी के घर गये और कहे कि हमारे भगवान को ज्योतिष की पुस्तक चाहिये, आप पुस्तक दे दो । अब वह विचार करने लगा कि ये हमारे घर पुस्तक लेते क्यों आये ? इन्हें पुस्तक देना न देना मेरी इच्छा है । इन्हें मना भी नहीं करना है देना भी नहीं है ।

समधी से कहे कि वह पुस्तक हणवद के शिवराम जानी को दिया हूँ । बेचरभाई वहाँ से हणवद निकल गये । हणवद मे शिवराम जानी के घर पहुँच गये अपने समधीकी ज्योतिष की पुसत्क मांगे । तब शिवराम जानीने कहा कि वह पुस्तक तो मैने बहुत पहले दे दिया हूँ ।

बेचरभाई के समधी विचार करते रहे कि ये स्वामिनारायण के परम भक्त हैं पुस्तक देने के लिये खूब दौड़धाम करेंगे । ऐसा विचार ही कर रहे थे कि हलवद से बेचरभाई आकर दरवाजा खड़खड़ाये । भीतर आते ही कहे कि हमारे पास नहीं है मैने बहुत पहले वापस भेंजवा दिया हूँ । यह सुनते ही समधी ने कहा कि हमारी भूल हो गयी, वह पुस्तक तो बांकानेर के एक ब्राह्मण को दिया हूँ । वहाँ से आप ले लीजिये । बेचरभाई घोड़े को वांकानेर दौडाया । उन्हें तो भगवान की आज्ञा का पालन करना था । बिना अन्न-जल के उस पुस्तक के लिये दौडते रहे । यह विचार करते हुये वांकानेर पहुंच गये । वहाँ जाकर उस ब्राह्मण से पूछा कि हमारे समधी ने आपको जो ज्योतिष की पुस्तक दी है उसे आप वापस दे दीजिये । सुनते ही ब्राह्मणने कहा मैं तो करीब दोमास पूर्व ही पुस्तक वापस

कर दिया हूँ। बेचरभाई वहाँ से पुनः वापस अपने समधी के घर आये और समधी से कहे कि वांकानेर से तो आपको दो महीने पहले ही पुस्तक मिल गयी है। आप अपने घर में खोजिये। नहीं, हमारे दिमाग से निकल गया था, ख्याल आया कि मैं मोरबी के मकनजी भट्ट को वह पुस्तक दिया हूं। निश्चित ही उनके पास पुस्तक मिलेगी। अब वहाँ से मकनभाई के घर चल दिये। वहाँ पहुँचकर पुस्तक की बात किये, तुरन्त उन्होंने कहा कि वह पुस्तक तो एक हमे पहले ही मैंने वापस दे दी, आप व्यर्थ यहाँ तक धक्का खाये।

बेचरभाई पुनः वापस अपने समधी के घर आये, पुस्तक आप के घर ही है। आप कृपा करके अब पुस्तक दे दीजिये। तब समधीने कहा हाँ हाँ वह पुस्तक मेरे पास ही है। लेकिन आप मुझे ५०० दंडवत कीजिये तो आप को पुस्तक दूँगा। अब वे दंडवत करने को तैयार हो गये। लेकिन साथ में उनके मित्र भी गये थे जिनका नाम था लखीराम उन्होंने कहा शत्रु को दंडवत क्या करना अपने इष्टदेव को कीजिये। यह सुनकर बेचरभाईने कहा नही, अपने इष्टदेव के लिये दंडवत क्या मस्तक भी देना हो तो संकोच नहीं होगा, और वे दंडवत करने लगे।

यह देखकर समधी जी उनकी विवशता का ख्याल रखकर उन्हे पुस्तक दे दिये। अब वह पुस्तक लेकर भगवान स्वामिनारायण के चरण में रख दिये। श्रीहरिने कहा आप निश्चित महान है। आप हमारे लिये शत्रु को भी दंडवत किये। हमारे लिये कहाँ कहाँ तक दौड़ते रहे, कष्ट सहन करते रहे। भगवान खूब प्रसन्न हुये। तब वेचरभाईने कहा हे प्रभु आपकी प्रसन्नता ही हमारा जीवन है। यही हमारा सुख है।

ऐसे भक्तों से भगवान थोड़े भी दूर नहीं रहते। इसलिये हमें भी बेचरभाई की तरह भक्त बनने का प्रयत्न करना चाहिये। ऐसा करने से भगवान निश्चित प्रसन्न होकर कृपा करेंगे।

श्री स्वामिनारायण मंदिर कांकरिया अहमदाबाद महा महोत्सव

ता. २१-२-१२ से २७-२-१२ तक

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की अध्यक्षता में श्रीमद् सत्संगिभूषण सप्ताह पारायण में पू. स.गु. स्वा. निर्गुणदासजी तथा पू. स.गु.शा. स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (जेतलपुरधाम) विराजमान होंगे।

● भव्य शहेर चोर्यासी ● ठाकोरजी के पाटोत्सव अभिषेक ● छप्पन भोग अन्नकूट ● पारायण ● महापूजा ● समस्त धर्मकुल दर्शन

महंत स्वामी गुरुप्रसाददासजी एवं महंत स्वामी आनंदप्रसाददासजी

कथा स्थल : बलवंतराय होल, कांकरिया, अहमदाबाद

श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट

www.swaminarayan.info

www.swaminarayan.in

भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० ● शृंगार आरती ८-०५ ● राजभोग आरती १०-१० ● संध्या आरती १८-१५ ● शयन आरती २०-३०

भक्ति सुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री के आशीर्वचनमें से -
"मृत्यु सुधारना सर्वथा शक्य है"
- संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल (घोड़ासर)

मृत्यु ऐसा शब्द है जिसका नाम स्मरण होते ही भय होने लगता है। परंतु मृत्यु ही मात्र सत्य है। इसे टाला नही जा सकता। लेकिन गति सुधारी जा सकती है। भक्ति का सहारा लेकर इसे सुधारा जा सकता है। इसलिये मृत्यु की प्रतिदिन याद करके प्रतिदिन अन्तिम दिन ही मानना चाहिये। क्योंकि हमें पता नहीं मृत्यु कब आजाएगी। लोग मृत्यु को अमंगल मानते हैं। परंतु मृत्यु हमे सभी दु:खो से मुक्ति दिलाती है। संत मृत्यु को मंगलमय मानते हैं। प्रात: मृत्यु के समय लोगो को काल से डर लगता है वह इसलिये उनके खराब कर्म थे। मृत्यु के संमय मनुष्य पाप कर्म अवश्य याद आते हैं। जव व्यक्ति खराब कर्म करता है तब उसे डर लगता है, कहीं लोग मेरे कर्म को जान न लें। चौवीस घंटे वही याद करता है संयोग वश उसी समय मृत्यु आ जाय तो डरना स्वाभाविक है। इसलिये मृत्यु को सुधारने के लिये पुण्य कर्म करते रहना चाहिये। प्रभु की २४ घंटे याद करते रहना है शुद्ध मन से भगवान की भक्ति करना चाहिये। महाराज ने ग.म. के ३५ वें वचनामृत में कहे है कि ''आत्मदर्शने करीने कल्याण करवुं ते तो जेम तुंबड़ी बांधीने समुद्र तरवो जेवो कठण मार्ग दे'' इसी तरह शरीर से आत्मा अलग है। उपासना - भक्ति ही अन्तकाल में सहायक होती है। शरीररुपी रथ में इन्द्रिय रुपी घोड़े जुड़े हुये हैं। यदि भगवान की शरणागति हो जाय तो शरीर तथा इन्द्रिय के साथ मन प्रभुमय बन जाता है। भगवानने कहा है कि ''हमारी मर्जी के विना कुछ होना सम्भव नहीं है। आज दुनियां में सभी खराब कर्म हो रहे हैं। चोरी बेइमानी लूट, खून यह सभी होता है लेकिन इसमें भगवान की इच्छा नहीं रहती। यह मनुष्य अपनी दुर्बुद्धि के कारण करता है। इसका फल तो व्यक्ति को मिलना ही चाहिये। अपने घर का उदाहरण लें घर में इलेक्ट्रिक वायर से बिजली पसार होती है। जिससे लाईट, पंखा, फ्रिज, टी.वी., ये सभी चलती है। लेकिन क्या चलाना है वह व्यक्ति निश्चित करता है। इन सभी को चलाना भी संभव है और किसी को करंट भी दे सकते हैं। इसमें करंट का दोष नहीं है बल्कि आपके अन्दर का विचार ही मुख्य है। इच्छा शक्ति का प्रयोग करना प्रभु के हाथ में है। सब कुछ प्रभुने दिया है लेकिन पाप या पुण्य कर्म का उत्तरदायित्व प्रभु में नहीं है। जब मनुष्य पाप करे तो प्रभु के हाथ में है। सब कुछ प्रभु ने दिया है लेकिन पाप या पुण्य कर्म का उत्तरदायित्व प्रभु में नही है। जब मनुष्य पाप करे तो प्रभु का स्मरण करे तो निश्चित उससे दूर हो सकेगा। जब कोई काम करता है। और वर्ष के अन्त में हिसाब देने जाता है तब उसे डर लगता है कि कहीं मैने जो गल्ती की है उसका परिणाम खुल तो नहीं जायेगा। इसी तरह प्रभु के सामने डरते हुये कर्म करते रहने से जीवन सुधरता है। यदि व्यक्ति कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कर्म को करता है। ईश्वर उसका सहायक होते हैं। जब हम दो-चार दिन की यात्रा करने जाते हैं तो उस समय की मर्यादा का ख्याल, रखकर बड़ी शीघ्रता से काम पूर्ण कर देते हैं। इसी तरह विदेश की यात्रा में गये हो और आपका वीजा पूर्ण होता हो तो एक्सिडेन्ट इत्यादि का कारण दिखा कर वहाँ के नियम के अनुसार समयावधिबढा दी जाती है। परंतु इस पृथ्वी (मृत्यु लोक) नामक परदेश का बीजा पूरा होते ही स्वदेश तो जाना ही पड़ेगा। इसलिये प्रतिदिन मृत्यु का स्मरण करते रहना चाहिये। किसी भी काम को करे तो स्वच्छ मन से करना चाहिये। भजन-भक्ति का सहारा लेकर भगवान से प्रार्थना करनी चाहिये कि हे प्रभु ! आप अपनी शरण में रखियेगा। आप हमें इतनी शक्ति देना कि हम अपनी मृत्यु को सुधार सकुं जिससे अन्तकाल भी सुधर सके।

●

अपना धर्मकुल
- परमार भूमिका भगवानजीभाई (हालार-सुरत)

'उत्तर कोशल देश को पवित्र करने वाली सरजू नदी है जिसके किनारे पर रमणीय सुन्दर मखोड़ा घाट है। उसी के समीप में अक्षरधाम के समान छपैयाधाम है जहाँ पर प्रभु घनश्याम महाराज प्रगट हुये थे। महाराजने तप तथा त्याग का सहारा लेकर ११ वर्ष की उम्र में छपैया का परित्याग किया था। बाद में बड़े भाई रामप्रतापजी तथा छोटेभाई इच्छारामजी एवं सुवासिनी भाभी महाराज के वियोग में आंसु गिराती रही।

एक दिन मयातितानंद स्वामी महाराज की आज्ञा से

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का ओस्ट्रेलिया धर्मप्रवास

(ता. २१-१-२०१२ से ता. १-२-२०१२ तक)

भगवान स्वामिनारायण का सर्वजीव हितावह संदेश लेकर प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री आज विश्व के कोनेकोने पहुंचा रहे हैं। सारे विश्व में अपने सत्संगी बसे हुये है, उन सभी को दर्शन का सुख देने के लिये तथा आशीर्वचन का लाभ देने के लिये श्री नरनारायणदेव तथा श्रीहरि के चरणों में उन सभी की निष्ठा दृढहो तथा शुद्ध उपासना और भक्ति करें इस शुभ भावना से विचरण कर रहेहैं।

ओस्ट्रेलिया के भक्तों के प्रेम भरे आमंत्रण तथा आग्रह के कारण प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री यहाँ पर संत मंडल के साथ पधारे। ता. २२-१-२०१२ को लम्बी हवाई यात्रा के बाद प.पू. आचार्य महाराजश्री मेलबोर्न पधारे थे।

श्री स्वामिनारायण मंदिर मेलबोर्न मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव

मेलबोर्न शहर में रहनेवाले हरिभक्तों के पुरुषार्थ से तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद से संतो की प्रेरणा से यहाँ पर भव्य दिव्य मंदिर का निर्माण कार्यपूर्ण हुआ। प.पू. आचार्य महाराजश्री यहाँ पर विगत ४ वर्षो से आकर हरिभक्तों को सत्संग का बल तथा मंदिर निर्माण की प्रेरणा देते रहे। भुज मंदिर से पू. महंत स्वामी तथा बड़े संतो की प्रेरणा मिलती रही है। १९ महीने के कम समय में सुंदर मंदिर तैयार हो गया। इस मंदिर की मूर्ति प्रतिष्ठा ता. २४ से २८ तक बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुई। पंचदिनात्मक श्रीमद् सत्संगिजीवन की कथा स्वा. गोलोकविहारीदासजी तथा स्वा. कृष्णस्वरुपदासजी के वक्तापद पर सम्पन्न हुई। पोथीयात्रा, शोभायात्रा, हरियाग, अभिषेक-अन्नकूट इत्यादि कार्य सम्पन्न हुआ। १५ संतो के साथ प.पू. आचार्य महाराजश्री प्रतिदिन कथा में विराजमान होकर दर्शन का लाभ देते रहें। अमेरिका, अफ्रिका, भारत, यु.के. तथा आस्ट्रेलिया की सीमा न रही। मेलबोर्न में सत्संग समुदाय समिति तथा युवानों की सेवा सभी के हृदय को जीत लिया। भुज से पधारे हुये पू. महंत स्वामी सभी को हार्दिक आशीर्वाद देते हुये उनकी सेवा की खूब प्रशंसा की थी। प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने आस्ट्रेलिया खंड में प्रथम मंदिर निर्माण होने से खूब प्रसन्न हुये थे। सभी को एक सूत्र में रहने की आज्ञा किये थे। अभी पर्थ, एडीलेड, सीडनी इत्यादि स्थलों पर मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। यहा के हरिभक्तों को यहाँ से प्रेरणा लेनी चाहिये। प.पू. आचार्य महाराजश्री हरिभक्तों को आनंद प्रदान करके वहाँ से सीडनी पधारे थे।

श्री स्वामिनारायण मंदिर सीडनी

आई.एस.एस.ओ. श्री स्वामिनारायण मंदिर सीडनी के सभी हरिभक्त प.पू. महाराजश्री का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किये थे। प.पू. आचार्य महाराजश्री के आगमन से हरिभक्तों के आनन्द की सीमा न रही। ता. २७ को भक्तों ने मंदिर में ही प.पू. महाराजश्री का स्वागत समारोह रखा था। पू. महाराजश्रीने अपने प्रवचन में कहा कि हम तो अपने घर ही आये हैं। ऐसा पारिवारिक आत्मीय भाव सुनकर भक्त आनन्द विभोर हो गये थे। २८ ता. को प्रातः काल से ही हरिभक्तों के घर पदार्पण करके पेरामेटा विस्तार में वसंत पंचमी प्रसंग पर आयोजित ''श्री स्वामिनारायण जन्म जयन्ती महोत्सव'' के अवसर पर सभी ने आशीर्वाद का लाभ लिया था। अपना यह मंदिर ब्लेक टाउन विस्तार में ही है लेकिन कुछ दूरी पर रहने वाले सत्संगी विद्यार्थी साधन या समय के अभाव में नही आसके है इसलिये हम उन्हीं के यहाँ चलेंगे ऐसा पू. महाराजश्री ने जब कहा तो सभी में आनन्द की लहर दौड़ गयी। श्री नरनारायण युवक मंडल की सेवा सराहनीय थी। सभा में पू. पी.पी. स्वामी (छोटे) तथा पू. राम स्वामी ने सत्संग का लाभ दिया था। अंत में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने सभी को उपदेश दिया कि आप सभी यहाँ रहकर शिक्षापत्री की आज्ञा के अनुसार वर्तन करेंगे तो सुखी रहेंगे। ता. २९ को मंदिर में भव्य शाकोत्सव किया गया था। सर्वप्रथम प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने शाग का वघार किया। सभी हरिभक्त आनन्द के साथ भोजन का प्रसाद लिये। ता. ३०, ३१, १ को पू. महाराजश्री प्रातः से सायंतक प्रत्येक हरिभक्तों के घरों में पदार्पण किये सायंकाल मंदिर में सत्संग सभा का आयोजन किया गया। वहाँ से हरिभक्तों द्वारा भावभीनी विदाई लेकर प.पू. महाराजश्री स्वदेश पधारे। प.पू. आचार्य महाराजश्री के साथ इस यात्रा में पू. शा. स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (नारायणघाट महंत), पू. शा. स्वा. रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर), तथा पार्षद वनराज भगत थे।

શ્રી સ્વામિન

ાયણ મંદિર-મેલબોર્ન મૂર્તિ પ્રતિષ્ઠા મહોત્સવ



શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર સીડની

चारोधाम की यात्रा करने निकल पड़े । सरयू नदी में स्नानादि क्रिया कर रहे थे उसी समय महाराज के दोनो भाईयों को महाराज की प्रतिक्षा करते देखा । दोनो भाईयों का साधु स्वभाव देखकर बड़े आनंदित हुये । भाईयों से दुःख का कारण पूछा । भाईयों ने अपने पूर्ववृत्तान्त को कह सुनाया ।

मयातितानंद स्वामी बात सुनकर आश्चर्य चकित रह गये । स्वामीने कहा मैं उन के विषय में बताउ तो आप पहचान जायेंगे ? हाँ स्वामी कहने लगे उनके गाल में गडढे पड़ते है ? पेट में त्रिबली होती है ? उनके चरण में सोलह चिन्ह है ? यह सब सुनते ही भाई कहनेल गे कि हाँ वे ही हमारे भाई है, अब आप बताइये वे कहां है ।

१२ वर्ष की तपस्या आजपूर्ण हो गयी । जिसे महाराज मां मानते थे ऐसी सुवासिनी भाभी रातदिन रोती रहती थी । जीव के विना शरीर आज वीज वाली हो गयी थी । पूरे परिवार को शान्तना देकर सभी को साथ लेकर गुजरात आये ।

प्रिय भक्तजन इस धैर्य का फल आप लोग देखें । जो १२ वर्ष तक महाराज की प्रतिक्षा में चकोर पक्षी की तरह राह देखते रहे ऐसे धर्मकुल को महाराज ने हम सभी के लिये दिया है । ऐसे धर्मकुल में सभी की निष्ठा तथा दृढ विश्वास होना आवश्यक है ।

महाराज ने वचनामृत में कहा है कि स्नेह यदि आत्मीयजनों में हो तो विश्वास दृढ होता है । इसी तरह हमें भी महाराजने जो धर्मकुल दिया हैँ उसमें दृढ विश्वास के साथ दृढ निष्ठा रखेंगे तो ही जीवन की सार्थकता होगी ।

●

अपनी गादीवालाजी

- सभा की अमुक सत्संगी बहन

